नईदुनिया

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री पाटिल से की सौजन्य भेंट



मध्यप्रदेश से जुड़े जल शक्ति विभाग से संबंधित मुद्दों पर की चर्चा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश से संबंधित जल शक्ति विभाग के विभिन्न विषयों और प्रदेश से जुड़े लंबित विषयों से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में जल संसाधनों के विकास, पेयजल उपलब्धता तथा जल जीवन मिशन सहित जल शक्ति मंत्रालय से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और गुणवत्ता की निगरानी सामूहिक जिम्मेदारी

विभागों के बीच समन्वय जरूरी : राज्यपाल

प्रवासी श्रमिक परिवारों के बच्चों के पोषण के साथ उनकी शिक्षा पर भी ध्यान देना जरूरी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना की सफलता के लिए एकल प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। लक्षित समुदाय के उत्थान के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय जरूरी है। योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को सामूहिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए। राज्यपाल बुधवार को लोकभवन के संदीपनी सभाकक्ष में जनजातीय प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग की भूमिका की समीक्षा की गई। इसमें महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

राज्यपाल ने कहा कि प्रवासी श्रमिक परिवारों के बच्चों के पोषण के साथ उनकी शिक्षा पर भी ध्यान देना जरूरी है। ऐसे बच्चों के लिए छात्रावास जैसी पहल पर विचार किया जाना चाहिए। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में छोटी-छोटी व्यावहारिक बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। कार्यों की समीक्षा बारीकी से की जाए, ताकि लापरवाही से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को रोका जा सके। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और पोषण के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित संचालन सुनिश्चित करने तथा केंद्रों तक वर्षभर पहुंच बनाए रखने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने अति पिछड़ी जनजातीय समुदाय की महिलाओं को मिलने वाले आहार, अनुदान और लाड़ली बहना योजना से संबंधित प्रक्रियाओं की समीक्षा कर आवश्यक सुधार करने पर भी जोर दिया। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने विभागीय पोषण प्रयासों और नवाचारों की जानकारी दी।



दुधारू पशु प्रदाय योजना की प्रभावी निगरानी करें

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना जनजातीय परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण और आजीविका के साधन उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण है। योजना के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए मैदानी अमले को सक्रिय रखा जाए और पशुपालकों से नियमित संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। राज्यपाल बुधवार को लोकभवन के सांदीपनि सभागार में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

भोपाल में सीजन की सबसे सर्द रात, पारा 8.2 डिग्री पर

गुरुवार को राजधानी के अलावा राजगढ़, शाजापुर में भी शीतलहर का अलर्ट



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मौसम लगातार शुष्क बना रहने और हवाओं का रुख उत्तरी होने से मध्य प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट होने लगी है। इसी क्रम में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात चार शहरों दमोह, कटनी, शाजापुर एवं भोपाल का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। दमोह में सबसे कम 7.4 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। भोपाल में लगातार दूसरे दिन शीतलहर का प्रभाव रहा।

रात का पारा 8.2 डिग्री तक पहुंच गया। जो इस सीजन में सबसे कम रहा। बुधवार को दिन का सबसे अधिक 30.3 डिग्री सेल्सियस तापमान गुना में रिकार्ड किया गया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक मौसम का इस तरह का मिजाज अभी दो-तीन तक बना रह सकता है। गुरुवार को भोपाल के अलावा राजगढ़ एवं शाजापुर में शीतलहर का असर रह सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में दक्षिणी बांग्लादेश और उसके आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है। एक पश्चिमी विक्षोभ राजस्थान पर द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। इसके अतिरिक्त गुजरात और उससे लगे दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान पर भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात मौजूद है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी वीएस यादव ने बताया कि वर्तमान में कोई प्रभावी मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। मौसम साफ बना रहने के साथ ही हवाओं का रुख उत्तरी बना हुआ है। इससे विशेष रूप से भोपाल संभाग में रात का तापमान 10 डिग्री या उससे कम बना हुआ है। इस तरह की स्थिति अभी बनी रह सकती है। मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में कोई प्रभावी पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं है। इस वजह से लगभग चार दिन तक मौसम इसी तरह बना रह सकता है।

मप्र विधानसभा में आज खुलेगी 'संविधान गैलरी', मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

प्रस्तावना का सामूहिक वाचन और विशेष प्रदर्शनी भी होगी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः 77वें संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को मध्यप्रदेश विधानसभा में संविधान उत्सव-2026 आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि होंगे, जबकि विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर अध्यक्षता करेंगे। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, लोकायुक्त न्यायमूर्ति सत्येंद्र कुमार सिंह सहित विभिन्न आयोगों के अध्यक्ष, सदस्य और विश्वविद्यालयों के कुलगुरु भी शामिल होंगे।

सेंट्रल हॉल में संविधान गैलरी और विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे विधानसभा परिसर में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगी। सुबह 11.15 बजे समिति कक्ष क्रमांक-1 में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया जाएगा। इस अवसर पर विधानसभा पत्रिका 'विधायिनी' के संविधान विशेषांक का विमोचन भी होगा। विधानसभा के सेंट्रल हॉल में संविधान आधारित विशेष प्रदर्शनी और 'संविधान गैलरी' का उद्घाटन किया जाएगा। गैलरी में संविधान सभा का समूह चित्र और संविधान निर्माण में मध्यप्रदेश के योगदान को दर्शाने वाले चित्र प्रदर्शित होंगे। साथ ही संविधान के प्रथम पृष्ठ पर अशोक स्तंभ का चित्रांकन करने वाले चित्रकार स्व. दीनानाथ भार्गव के सुपुत्र का अभिनंदन किया जाएगा।

शादी समारोहों के भोजन की जांच करेंगे खाद्य निरीक्षक

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शादियों के मौसम में समारोहों में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने जांच अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। विभाग की टीमें शहर के मैरिज गार्डन, होटल के समारोह कक्ष और भोजन व्यवस्था करने वाले संचालकों के प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण करेंगी। इस दौरान खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, उसकी उपयोग अवधि, साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा अनुज्ञप्ति की जांच की जाएगी। देवउठनी एकादशी के बाद शहर में विवाह समारोहों का सिलसिला शुरू हो गया है। अगले दो से तीन महीनों तक कई मैरिज गार्डन में बुकिंग होने के कारण बड़ी संख्या में लोगों को भोजन परोसा जाएगा। ऐसे में खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच और निरीक्षण की कार्रवाई तेज करने का निर्णय लिया है। खाद्य कारोबार संचालकों के लिए नियमानुसार खाद्य सुरक्षा अनुज्ञप्ति प्राप्त करना और निर्धारित स्वच्छता मानकों का पालन करना अनिवार्य है। बिना अनुज्ञप्ति कारोबार संचालित पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर खाद्य कारोबार पर प्रतिबंध लगाकर संचालन बंद कराने की कार्रवाई भी की जा सकती है। मंगलवार को आम्र पैलेस में जांच के दौरान बिना खाद्य सुरक्षा अनुज्ञप्ति कैटरिंग और समारोह कक्ष से खाद्य कारोबार संचालित होना पाया गया।

सड़क, नाली, दीवार और वाचनालय निर्माण से मजबूत होंगी मूलभूत सुविधाएं : कृष्णा गौर

गोविंदपुरा में 3.23 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में 3 करोड़ 23 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि गोविंदपुरा क्षेत्र निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। कृष्णा गौर ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों के माध्यम से सड़क, पानी, जल निकासी और अन्य सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। वार्ड 57 की विश्वकर्मा नगर बस्ती के बिहारी और बंगाली मोहल्लों में 18 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़कें बनाई जाएंगी। पंचपीर नगर और रविदास नगर में 25 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य किए जाएंगे। साकेत नगर में माधव बाल उद्यान से रवींद्रनाथ टैगोर परिसर तक 350 मीटर लंबी दीवार का निर्माण 2 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

इसके अलावा साकेत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में 80 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़कें बनाई जाएंगी। एम्स अस्पताल के समीप वाचनालय निर्माण का भी भूमिपूजन किया गया।



जनगणना प्रशिक्षण की जिम्मेदारी कलेक्टर खुद संभालें, अधीनस्थों पर न छोड़ें : मुख्य सचिव



बर्णवाल ने कलेक्टरों और संभागायुक्तों को दिए निर्देश, कहा- जनगणना के आंकड़ों की गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने कलेक्टरों और संभागायुक्तों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण में स्वयं शामिल हों और इसकी जिम्मेदारी अधीनस्थ अधिकारियों पर न छोड़ें। शहरी क्षेत्रों में नगर निगम आयुक्त भी पूरी व्यवस्था की निगरानी करें।

मुख्य सचिव बुधवार को भोपाल स्थित आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में जनगणना-2027 के दूसरे चरण की तैयारियों को लेकर आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े देश और प्रदेश की योजनाओं तथा नीतियों का आधार होते हैं। आंकड़ों की गुणवत्ता कमजोर होने से योजनाओं के निर्धारण और क्रियान्वयन पर असर पड़ सकता है। बर्णवाल ने कहा कि जनगणना का काम भले ही ऐसा हो, जिसमें व्यक्तिगत श्रेय नहीं मिलता, लेकिन इसका महत्व अत्यंत व्यापक है। इसलिए कलेक्टर प्रशिक्षण प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल हों और संभागायुक्त भी अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी करें। अपर मुख्य सचिव गृह संजय शुक्ल ने कहा कि मध्य प्रदेश शुरुआती तैयारियों के आधार पर देश के तीन-चार बेहतर राज्यों में शामिल है। अब प्रदेश को जनगणना के कार्य में प्रथम स्थान पर लाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अधिकारियों को केंद्र सरकार के निर्देशों का अध्ययन करने और पड़ोसी जिलों तथा अन्य राज्यों से समन्वय रखने की सलाह दी।

भारत सरकार के जनगणना उपमहानिदेशक विश्वजीत दास ने बताया कि इस बार पहली बार जनगणना डिजिटल माध्यम से होगी। प्रगणक मोबाइल अनुप्रयोग के जरिए जानकारी दर्ज करेंगे। निगरानी और क्षेत्र निर्धारण के लिए भी डिजिटल माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा भी मिलेगी। दूसरे चरण की प्रश्नावली में 40 सवाल होंगे, जबकि 2011 में 29 सवाल पूछे गए थे। स्व-गणना के लिए 15 दिन और घर-घर जानकारी जुटाने के लिए 35 दिन निर्धारित किए गए हैं।

फर्जी आईएएस बनकर 42 लाख की ठगी नोट गिनते हुए तीन वीडियो सामने आए



प्रधानमंत्री कार्यालय में अधिकारी होने का दावा, आर्म्स लाइसेंस और सरकारी काम कराने के नाम पर वसूली; भाजपा सदस्यता कार्ड की भी जांच

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी में खुद को भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी बताकर लोगों से ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार रामानुज गुर्जर के तीन वीडियो सामने आए हैं। इन वीडियो में आरोपी नोट गिनते दिखाई दे रहा है। पुलिस आरोपी के पास से मिले भाजपा सदस्यता कार्ड और उसके संपर्कों से जुड़े तथ्यों की भी जांच कर रही है। गांधीनगर पुलिस ने करीब 40 वर्षीय रामानुज गुर्जर को गिरफ्तार किया है। मूल रूप से नरसिंहगढ़ क्षेत्र का रहने वाला आरोपी भोपाल की एयरोसिटी कॉलोनी में परिवार के साथ रहता था। उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में 10 से अधिक शिकायतें सामने आई हैं। आरोप है कि वह सरकारी काम कराने, हथियार लाइसेंस बनवाने और सरकारी निविदाएं दिलाने के नाम पर लोगों से रकम वसूलता था।

हथियार लाइसेंस के नाम पर सात लाख लिए

हालिया शिकायत में आरोपी ने एक व्यक्ति को हथियार लाइसेंस बनवाने का भरोसा दिया था। उसने कलेक्टर कार्यालय में पहचान होने का दावा करते हुए दो बार में तीन लाख रुपये नकद लिए। इसके अलावा तीन लाख रुपये अलग-अलग किस्तों में ऑनलाइन हस्तांतरित कराए और एक लाख रुपये की बैंक ड्राफ्ट अपने खाते में जमा कराया। कुल सात लाख रुपये लेने के बाद भी लाइसेंस नहीं बनवाया।

डॉक्टर से 30 लाख लेने का आरोप

पुलिस को मिली शिकायत के अनुसार, आरोपी ने एक डॉक्टर को भूखंड दिलाने का झांसा देकर करीब 30 लाख रुपये लिए थे। कुछ सरपंचों से सरकारी निविदाएं दिलाने के नाम पर रकम वसूलने की शिकायतें भी सामने आई हैं। आरोपी लोगों को भरोसे में लेने के लिए बड़े अधिकारियों से करीबी और सरकारी तंत्र में पहुंच होने का दावा करता था।

पहले भी कर चुका है ठगी

करीब 14 वर्ष पहले जयपुर के ज्योति नगर क्षेत्र में आरोपी ने खुद को भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी और प्रधानमंत्री कार्यालय में पदस्थ बताकर एक फर्म में कानूनी सलाहकार की नौकरी हासिल की थी। आरोप है कि उस दौरान उसने करीब पांच लाख रुपये लिए थे। शिकायत के बाद जयपुर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार, आरोपी नाम और पहचान बदलकर ठगी करता रहा है। उसके पुराने मामलों, सामने आए वीडियो, सदस्यता कार्ड और संपर्कों की जांच की जा रही है। अन्य शिकायतों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री से मिले एनबीसीसी के चेयरमैन, मध्यप्रदेश में स्लम पुनर्वास और शहरी पुनर्विकास में दिखाई रुचि

एनबीसीसी के सीएमडी केपी महादेवस्वामी ने परियोजनाओं की जानकारी दी, मुख्यमंत्री ने प्रदेश में काम करने के लिए आमंत्रित किया

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार को नई दिल्ली में नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक केपी महादेवस्वामी ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान मध्यप्रदेश में स्लम पुनर्वास, शहरी पुनर्विकास और अधोसंरचना परियोजनाओं में काम करने को लेकर चर्चा हुई। भेंट के दौरान महादेवस्वामी ने मुख्यमंत्री को पौधा भेंट कर स्वागत किया और एनबीसीसी की निर्माण, पुनर्विकास तथा परियोजना प्रबंधन गतिविधियों की जानकारी दी। विभिन्न विकास परियोजनाओं में सेवाएं देने की रुचि जताई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एनबीसीसी के प्रस्ताव का स्वागत करते हुए निगम को मध्यप्रदेश में स्लम पुनर्वास, शहरी पुनर्विकास और अन्य अधोसंरचना परियोजनाओं में अपनी विशेषज्ञता से कार्य करने आमंत्रित किया। इससे प्रदेश में शहरी विकास और पुनर्विकास परियोजनाओं को गति मिलने की संभावनाएं हैं।



पहल *न्यायमूर्ति आनंद पाठक ने बाल संरक्षण की भूमिका मजबूत करने का किया आह्वान ...*

यौन हिंसा पीड़ित बच्चों का सहारा बनेंगी 'शौर्या दीदी'

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः यौन हिंसा से पीड़ित बच्चों को मानसिक संबल, सुरक्षा और न्याय प्रक्रिया में सहायता उपलब्ध कराने के लिए मध्य प्रदेश में 'शौर्या दीदी' पहल को मजबूत किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से पीड़ित बच्चे संकट की स्थिति में ऐसे भरोसेमंद साथी से अपनी बात साझा कर सकेंगे, जो उन्हें संवेदनशीलता के साथ आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध कराएगा।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आनंद पाठक ने इस पहल का प्रदेशभर में विस्तार करने का सुझाव दिया है। बुधवार को बाल संरक्षण के अंतर्गत नामांकित 'शौर्या दीदियों' के लिए एक दिवसीय क्षमता संवर्धन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उच्च न्यायालय की किशोर न्याय समिति की 11 जुलाई 2026 को हुई बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आयोजित किया गया।

न्यायमूर्ति आनंद पाठक ने प्रतिभागियों से यौन हिंसा से प्रभावित बच्चों की सहायता और संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया।



संवेदनशील संवाद और विश्वास पर प्रशिक्षण

गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय न्यायिक एवं वैज्ञानिक विश्वविद्यालय की वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी ठकराल ने मनो-सामाजिक प्राथमिक उपचार और संकट के समय संवाद कौशल की जानकारी दी। यूनिसेफ मध्य प्रदेश के बाल संरक्षण अधिकारी गोविंद बेनीवाल ने पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत पीड़ित बच्चों के लिए उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी दी।

12 जिलों की 100 प्रतिभागी शामिल

प्रशिक्षण में ग्वालियर, भिंड, मुरैना, गुना, दतिया, विदिशा, शिवपुरी, मंडला, रायसेन, हरदा, बैतूल और नर्मदापुरम जिलों की ऊर्जा महिला सहायता केंद्र प्रभारी, शौर्या दल सदस्य, चयनित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और बाल कल्याण समिति के सदस्यों सहित 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी।
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com